

**अतिक्रमण** शहर में अलग-अलग जगहों पर फिर से कर लिया अवैध कब्जा

# नगर निगम के बुल्डोजर को खुली चुनौती दे रहे कब्जाधारी

**नवभारत,जबलपुर। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की बीते कई दिनों से जारी अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई को कब्जाधारी बार बार चुनौती देते नजर आ रहे हैं। शहर में अलग-अलग इलाकों में जहां अमले द्वारा अवैध कब्जे हटाए जाते हैं ठीक वहीं कुछ दिनों बाद दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानें सजी ली जातीं हैं।**

इस संबंध में नवभारत की टीम ने मौके पर जाकर कब्जाधारियों के आसपास रहने वाले लोगों से हकीकत जाननी चाही तो उन्होंने साफ कहा कि अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई होने के बाद कई दिनों तक नगर निगम का अमला मौके पर नहीं जाता जिस कारण कब्जाधारियों के हौंसले बुलंद हो जाते हैं और फिर से अपना कब्जा जमा लेते हैं।



### ये हैं कब्जों की वजह

- कार्रवाई करने के बाद लंबे समय तक जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचते हैं।
- मामूली जुर्माने के बाद जप्त किया हुआ सामान वापस हो जाता है।
- अतिक्रमण दस्ते की कार्रवाई के पहले ही इसकी सूचना कब्जाधारियों तक पहुंच जाती है।
- राजनैतिक हस्तक्षेप के चलते भी कब्जा दोबारा काबिज हो जाता है।

जानकारी के अनुसार मेडिकल अस्पताल के बाहर, गढ़ा बाजार, नगर निगम मुख्यालय के सामने सिविक सेंटर में जूतों की दुकान, चाट फुल्की के खड़े ठेले, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, रांझी, गोरखपुर सहित अन्य व्यस्ततम बाजारों में अवैध अतिक्रमण को लेकर अराजक हालात देखे जा रहे हैं।

**दस साल पहले बरती जाती थी सख्ती**

जानकारी के अनुसार करीब 10 साल पहले नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त ने शहर में जमे अवैध अतिक्र मणों पर सख्ती बरती थी। पहले कब्जाधारियों को कब्जा हटाने चेतावनी दी जाती थी फिर नहीं मानने पर एफआईआर दर्ज कराई जाती थी और 5 हजार रुपए तक का जुर्माना वसूला जाता था। लेकिन कुछ समय चली इस तरह की कार्रवाई के बाद राजनीतिक दबाव के चलते ये कार्रवाई बंद हो गई।

**इन उपायों के करने से मिलेगी निजात**

जानकारों का कहना है कि अवैध अतिक्रमण करने वाले कब्जाधारियों का सामान स्थाई रूप से जप्त किया जाए और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। इसके अलावा राजनीति दखल को बिल्कुल बंद किया जाए जिससे शहर में जमे अवैध अतिक्रमणों को स्थाई रूप से हटा दिया जाएगा और शहर का यातायात सुचारू रूप से चलेगा।

**इनका कहना है**

निगमायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण दस्ते द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ रिपीट कार्रवाई भी जारी है जो कब्जाधारी नहीं मान रहे हैं उन्हें चिह्नित करते हुए उनके खिलाफ और सख्ती बरती जाएगी।

मनीष तड़से
अतिक्रमण प्रभारी नगर निगम

# पुणे और अमृतसर के लिए नियमित चले ट्रेन

**रेगुलर नहीं हो सकी स्पेशल गाड़ी**

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के व्यापारियों और छात्रों द्वारा जबलपुर से पुणे और अमृतसर के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग की है। जहां पुणे मेट्रो सिटी होने के साथ साथ शिक्षा और व्यापार का बड़ा हब बन चुका है तो वही अमृतसर धार्मिक नगरी होने के साथ शहर से पंजाब और आगे जम्मू और कश्मीर तक पर्यटकों और व्यापारियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। बता दे कि जबलपुर से पुणे और अमृतसर दोनों ही बड़े शहरों में जाने वाले यात्रियों की संख्या भरपूर है। इसके बाद भी जबलपुर से कोई सीधी ट्रेन पुणे और अमृतसर के लिए नहीं है। वही पुणे के लिए बमुश्किल एक ट्रेन स्पेशल चलती है वह भी सप्ताह में सिर्फ एक दिन रविवार को। इस ट्रेन में भी महंगी टिकट लेने के बाद कंफर्म सीट के लिए यात्रियों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। रेलवे प्रशासन को पता है कि इस रूट पर ट्रेन की डिमांड है और यात्री भी पर्याप्त मिल रहे हैं फिर भी लगभग 7 सालों से यह स्पेशल ट्रेन दौड़ाई जा रही है। हर महीने इस ट्रेन की तारीख बढ़ा दी जाती है। मालूम हो कि जबलपुर से पुणे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग हो रही थी। नई ट्रेन शुरू भी हुई लेकिन वह रीवा से हडपसर के बीच शुरू हुई है वह भी सप्ताह में एक दिन।

**हफ्ते में एक दिन संचालन**

यह ट्रेन जबलपुर होकर चलती है लेकिन इस ट्रेन में भी जबलपुर का कोटा बहुत कम है इससे कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल होता है। वहीं यह ट्रेन भी गोंदिया नागपुर होकर जाती है जिससे इसका सफर 27 से 28 घंटे में पूरा होता है जिसके कारण भी यात्रियों को परेशानी होती है। जबलपुर से पुणे के लिए गाड़ी संख्या 02132 ट्रेन स्पेशल के नाम पर ही दौड़ रही है। सीधी ट्रेन होने के कारण यात्री महंगी टिकट ले लेते हैं। यही नहीं स्पेशल ट्रेन है तो इसकी लेटलतीफी पर भी कोई सवाल-जवाब नहीं होते हैं।

**ज्यादातर रहती है लेट**

यह ट्रेन हर रविवार को जबलपुर से दोपहर 1:50 बजे छूटती है और अगले दिन सुबह 6:25 बजे पुणे पहुंचती है लेकिन ज्यादातर यह ट्रेन यह ट्रेन लेट भी हो जाती है। इस ट्रेन की खासियत यह है कि हमेशा इसमें टिकट के लिए वेटिंग रही है फिर भी न जाने क्यों इसे रेग्युलर नहीं किया गया। जनप्रतिनिधि अगर चाहें तो थोड़े से प्रयास से पुणे के लिए ट्रेन शुरू हो सकती है या इस स्पेशल ट्रेन को ही रेग्युलर किया जा सकता है इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। छात्रों के साथ ही पुणे में नौकरी करने वाले युवा इस ट्रेन से सफर करते हैं। इसके अलावा उनके परिजनों को भी आना-जाना रहता है। एकमात्र सीधी ट्रेन होने से जबलपुर के साथ ही आसपास के जिले के यात्री भी इस पर निर्भर हैं। यही वजह है कि इस ट्रेन में सीट के लिए लोग परेशान रहते हैं। वहीं पुणे से यह ट्रेन सोमवार को पूर्वाह्न चलकर मंगलवार की सुबह जबलपुर पहुंचती है तब भी यही स्थिति रहती है। अभी पुणे के लिए जबलपुर होकर सिर्फ एक नियमित ट्रेन है वह भी सुपौल से चलती है। सुपौल से आने वाली यह ट्रेन बिहार एवं उत्तर प्रदेश के स्टेशनों से पूरी तरह पैक हो जाती है। इसमें जबलपुर से रिजर्वेशन मिलने का चांस बहुत कम रहता है। इसमें यात्रियों का दबाव देखते हुए वर्तमान में दानापुर-पुणे के बीच नियमित रूप से एक स्पेशल ट्रेन चलाई गई है लेकिन यह भी आगे के स्टेशनों से ही पैक हो जाती है।

# चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**शक्ति नगर में वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस**

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत शक्ति नगर में रविवार रात्रि चाकू से गोदकर युवक की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, एफएसएल अधिकारी मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और अहम साक्ष्य जुटाते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सीएसपी आशीष जैन ने बताया कि इंद्ररा नगर निवासी 40 वर्षीय मोनू चक्रवर्ती पिता लालमत चक्रवर्ती का शक्ति नगर चौपाटी में चाऊमीन का ठेला लगाता था। रविवार रात्रि करीब 8:30 बजे मोनू चक्रवर्ती के ठेले पर अमन चक्रवर्ती पिता संतोष चक्रवर्ती, ताशू यादव, रोहित झारिया पहुंचे और विवाद करने लगे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने मारपीट करते हुए मोनू पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में मोनू को गंभीर चोटें आ गई और खून से लथपथ होकर वह जमीन में गिरकर बेहोश हो गया। जिसे तत्काल उपचार मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

**पूर्व में भी हुआ था विवाद**

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि आरोपी और मृतक का पूर्व में भी विवाद हुआ था। रविवार रात्रि पुनः विवाद हुआ इसके बाद हमलावरों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**हमलावर भी घायल आपराधिक रिकॉर्ड**

चाकूबाजी के दौरान हमलावर रोहित झारिया भी घायल हुआ है। जिसे भी उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि आरोपी संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हुआ है। पुलिस का कहना है कि वे कैसे घायल हुआ इसका पता नहीं चल सका है पूछताछ में वे बार-बार बयान बदल रहा है। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है।

**चिटलर खम्परिया के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** करोड़ों की धोखाधड़ी के प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे चिटलर ईनामी आरोपी अमित खम्परिया को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार करने के बाद तीन दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस के शिकंजे में आए चिटलर खम्परिया की मुश्किलें अब बढ़ गई है। लंबित शिकायतों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है। कोतवाली थाना अंतर्गत अंधेरदेव निवासी रिटायर्ड फैक्ट्री कर्मचारी को भी आरोपी ने टोल प्लाजा में डबल मुनाफे और पार्टनरशिप का लालच देकर 23 लाख रूपए की ठगी की थी। कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर

# टोल प्लाजा में पार्टनरशिप, डबल मुनाफे का लालच देकर की थी 23 लाख की ठगी

रविवार को धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक यदुवंश मिश्रा पिता स्व. बैजनाश प्रसाद मिश्रा 66 वर्ष निवासी अंधेरदेव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। सेवानिवृत्ति के बाद से अँधेरदेव जबलपुर में स्थित हनुमान जी के मंदिर में पुजारी है। उसका परिचय अमित खम्परिया से लगभग 8 साल पुराना है। अमित खम्परिया ने बताया था कि उसके टोल प्लाजा के काम चलते है। 2-3 बार अमित खम्परिया ने उससे कहा कि आपके पास जो भी रूपया जमा है, हमारे साथ टोल प्लाजा में पार्टनरशिप



कर लो तो बैंक से कई गुना ज्यादा लाभ मिलेगा, आपकी रकम दुगनी हो जाएगी अमित खम्परिया उसे आनन-फानन में गाड़ी में बैठा कर कोआपरेटिव बैंक ले गया और बैंक से 1 अक्टूबर 2018 को तेरह लाख एनईएफटी से अमित खम्परिया के खाते में ट्रान्सफर कर दिये। दस लाख का चेक नगद निकाले जो अमित खम्परिया ने तत्काल अपने हाथ में ले लिये थे। 9 माह बाद अमित खम्परिया घर आया। कहने लगा कि आप 5 लाख रूपए और दो नही तो आपकी दी हुई रकम डूब जाएंगी क्योंकि टोल प्लाजा में घाटा लगा है डरके मारे दो लाख रूपये और ट्रान्सफर कर दिये थे।

**मुन्नतें करता रहा पीड़ित अमित करता रहा चिटलरी**

पीड़ित के मुताबिक 2 साल बाद मिन्नतें करने और पुलिस में शिकायत करने की बात कहने पर 3,00,000 रूपए नगद अमित खम्परिया ने दिए और कहा कि थोडे दिन और रुकना पड़ेगा। ऐसा करते-करते लगभग 3 साल हो गए तो अमित खम्परिया ने 20 लाख रूपए का चेक दिया। बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। अमित की आपराधिक प्रवृत्ति का होने सें शिकायत करने से भी डरने लगा था। बाद में हिम्मत कर शिकायत की थी।

**आर्म्स-दस्तावेज बरामद करने सतना जाने तैयारी**

फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेजों एवं डराने धमकाने में इस्तेमाल किए गए लाइसेंसी आर्म्स की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम सतना जाने की तैयारी में है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी के साथ रवाना होगी। विदित हो कि अमित पर अवैध उत्खनन, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत अमित खम्परिया के खिलाफ कुल 17 अपराध दर्ज है।

# कॉम्बिग गश्त: पांच घंटे चली धरपकड़: 210 वारंटी पकड़ाए



**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। पांच घंटे चली धरपकड़ के दौरान कई वर्षों से फरार 89 गैर म्यादी वारिटयों एवं 71 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 50 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ करने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एस.डी.ओ.पी. के मार्ग निर्देशन एवं उपस्थिती में समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी। टीमों द्वारा जिले भर में छापेमारी करते हुये बड़ी सफलता प्राप्त की है। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई थी।

**8 लाख की सामग्री चोरी**

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत पनेहरा पेट्रोल पम्प के पास बुलेरो में लोड 8 लाख की सामग्री चोरी हो गई पुलिस ने बताया कि अभिनव काव 34 वर्ष निवासी एकता विहार शक्तिनगर थाना गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अद्रिका कंस्ट्रक्शन कम्पनी में साईट इंजीनियर का काम करता है उसके द्वारा वर्तमान में अद्रिका कंस्टेक्शन कम्पनी में अमृत जल योजना का कार्य पनेहरा पेट्रोल पम्प से रांझी जल सोधन तक पाईप लाईन ढालने का कार्य कराया जा रहा है, उसके कंस्टेक्शन में सिद्धार्थ बागची की महेन्द्रा बुलेरो कैम्पर क्रमांक एमपी 20 जीए 9234 की गाड़ी लगी हुई है, जिसमें रखी सामग्री कुल कीमती लगभग 8 लाख की चोरी हो गई।

# जैविक उत्पादों को खरीदने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**नवभारत, जबलपुर।** जैविक उत्पादों के प्रति लोगों में बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए एक अनूठी पहल के तहत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के सहयोग से लगातार दूसरे रविवार को कृषि उपज मंडी जबलपुर के प्रांगण में साप्ताहिक जैविक हाट का आयोजन किया गया। जैविक हाट लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नागरिक अपने स्वस्थ के प्रति जागरूक हो रहे है और जमकर जैविक उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं, इससे किसान भी जैविक खेती



का रकबा बढ़ाने एवं नए किसान जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। हाट बाजार के संचालन में अनुविभागीय अधिकारी कृषि प्रतिभा गौर , वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पनागर पंकज शर्मा , कृषि विभाग पनागर से मोनिका झा, सुषमा झरिया आकांक्षा राय, सुजाता सिंह ,कीर्ति अहिरवार आत्मा योजना से राजू दोहरे एवं दीपमाला आर्या ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बंदूक लहरा बिल्डर को धमकाया, झूमाझटकी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत साकेत धाम रोड सब्जी मण्डी के पीछे बिल्डर को बंदूक व तलवार दिखाते धमकाया गया। झूमाझटकी की गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक चंद्रेश शुक्ला निवासी साहिब टाउनशिप रेतनाका ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब 12.50 बजे पैदल-पैदल साकेत धाम रोड सब्जी मण्डी के पीछे अपनी साईट पर गया हुआ था उसकी साईट से केतन चौबे का प्लाट लगा हुआ है जहां उपस्थित काम कर रही लेबर को बोला की 6 इंच कालम को अपनी साईड खिंसकार निर्माण करना फिर अपनी साईट पर जाकर बैठा तो केतन मौके पर आकर विवाद करते हुए झूमा झटकी करने लगा। शिवम चौबे, अंकुर शुक्ला व अन्य लोगों ने बीच बचाव किया तो केतन चौबे अपने घर गया और घर से तलवार व बंदूक लेकर आया और उसे डराने धमकाने लगा। जान से मारने की धमकी दी।

# 59 वाहनों से वसूला 27,600 का चालान

**नवभारत,जबलपुर।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना वैध बीमा वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को पाटन बाईपास रोड और महाराजपुर बाईपास रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान कुल 59 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 27,600 रुपए का समन राशि वसूल किया गया। इन चालानों में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 37 चालान, अमानक नंबर प्लेट वाले 6 चालान, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले 5 चालान और तेज गति वाहन चालक 11 चालान शामिल हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में की गई।

# दहेज में बुलट की डिमांड, नवविहिता प्रताड़ित

**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत महगवां निवासी एक नवविवाहिता को दहेज लोभी बुलेट की मांग कर प्रताड़ित कर रहे है। पुलिस ने प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, ससुर, ननद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक श्रीमति कंचन दुबे 27 वर्ष निवासी ग्राम महगवां ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी 11 मई 25 को ग्राम



महगवां निवासी जितेन्द्र अवस्थी के साथ हुई थी शादी में उसके माता पिता ने 7 लाख 50 हजार रूपये नगदी, सोने की 2 अंगूठी, 1 चैन एवं गृहस्थी का सामान दिया था शादी के लगभग 3 माह बाद पति मायके से बुलट मोटर सायकल लाने के लिये कहने लगे, उसने अपने पिता को बताई तो पिता ने कहा कि पैसों की व्यवस्था नहीं है, बुलट मोटर सायकल नहीं दे सकता है इसी बात को लेकर पति जितेन्द्र अवस्थी, ससुर विष्णु अवस्थी एवं ननद ललिता मिश्रा उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान करने लगे पति उसके साथ मारपीट करते थे।

**अभियान** 16 अक्टूबर को नवभारत में प्रकाशित खबर के बाद मचा हड़कंप, पीएचक्यू से आया फरमान

# 53 लापता बच्चियों को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**योजना बना 1 नवम्बर से चले मुस्कान अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

**जबलपुर।** 2,020 की बनी मिसिंग मिस्ट्री शीर्षक के साथ 16 अक्टूबर 25 को नवभारत में प्रमुखता के साथ प्रकाशित खबर के बाद हड़कंप मचा। पुलिस मुख्यालय से जबलपुर फरमान पहुंचा। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्ग निर्देशन में लापता बालिकाओं को खोजने के लिए योजना बनाई गई और 1 नवम्बर 25 से 30 नवम्बर तक 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं की पतासाजी के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के थाना प्रभारियों से लेकर राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभियान के दौरान थाने में दर्ज





गुमइंसान की विस्तार से समीक्षा करने के साथ गुमशुदा बालिकाओ के परिजनों एवं परिचितों से चर्चा करते हुये मीडिया की सहायता लेकर लगातार पतासाजी की गई और 53 गुमी बालिकाओं को दस्तयाब कर लिया गया। विदित हो कि नाबालिग बच्चों के लापता होने के मामलों में अधिकांश कम उम्र में प्रेम जाल में फंसकर घर छोड़ रहे है तो कुछ परिजनों का दबाव, डांट फटकार से नाराज होकर घर से भाग रहे है। कुछ आर्थिक तंगी, प्रताड़ना, घरेलू कारणों से भी घर छोड़कर चले जाते है।

**साढ़े नौ माह में सिर्फ हुई थी 14 दस्तयाबी**

नवभारत ने पड़ताल के बाद 16 अक्टूबर को प्रकाशित खबर में इस बात का उल्लेख था कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचल से रहस्यमय परिस्थितियों में 2,020 लोग लापता हुए है। गायब हुए लोगों में बच्चों से लेकर युवा, बालिकाएं, महिलाएं, युवतियां, बुजुर्ग भी शामिल रहे। जिसमें गायब होने वाले अधिकांश नाबालिग थे। ये आंकड़े 1 जनवरी से लेकर 15 अक्टूबर तक के थे। साढ़े नौ माह में सिर्फ 14 लोगों को पुलिस खोज पाई थी।

**एसपी ने की समीक्षा सुपरवीजन टीम ने की दस्तायाबी**

बच्चियों के लापता होने के मामलों को थाना पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही थी। गायब लोगों की तलाश के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही थी। जिसके बाद नवभारत ने पड़ताल के साथ पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज आंकड़ों के साथ प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। एक नवम्बर से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा ऑपरेशन मुस्कान की स्वयं लगातार इसकी समीक्षा की। नगर पुलिस अधीक्षक की सुपरवीजन में टीम बनाकर उक्त टीम को संभाग के गुमशुदा बालिकाओं की फोटो देकर आसपास के जिलों, अन्य राज्यों में रवाना कर गुमशुदा बालिकाओं की पतासाजी गई। जिसके परिणाम स्वरूप 53 गुम बालिकाओं को दस्तयाब करने मे महत्वपूर्ण सफलता मिली।

**यहां से हुई दस्तयाबी**

हनुमानताल की टीम द्वारा प्रयागराज उत्तरप्रदेश, गढा की टीम द्वारा 16 वर्षिय बालिका को दिल्ली, गोखपुर की टीम द्वारा 15 वर्षिय बालिका को झांसी उत्तरप्रदेश एवं बरगी पुलिस की टीम द्वारा 16 वर्षिय बालिका को नागपुर महाराष्ट्र राज्यों में टीम भेजकर दस्तयाब कराया गया है। इसके अलावा अन्य बालिकाओं की भी अलग-अलग स्थानों से दस्तयाबी हुई है।

**परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

कई गुमशुदा बालक, बालिकायें काफी समय से गुम थे जिनके परिजन काफी परेशान थे, उक्त अभियान के माध्यम से उन्हें ढूढकर उनके परिजनों के सुपुर्द करते हुये बच्चों की अच्छे से देखरेख एंव परवरिश करने के लिए समझाईश दी गयी। पुलिस के इस कार्य की गुमशुदा बालिकों के परिजनों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुये भूरि-भूरि प्रशंसा की।


**कार्यालय वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर वनमण्डल जिला- अनूपपुर 484224 (म.प्र.)**

PHONE-07659-222038 MAIL-dfotanppur@mp.gov.in

क्रमांक/ एन.आई.टी./ ई-टेण्डर/2025/1958 अनूपपुर दिनांक 20/11/2025

**ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना**

वन मण्डल अनूपपुर अंतर्गत वानिकी कार्यों में उपयोग हेतु सामग्री की आवश्यकता है। जिस हेतु वर्ष 2025-26 में सामग्री प्रदाय हेतु एम.पी. ई-टेन्डर पोर्टल पर ऑनलाईन पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा क्रमांक / 2025_MPFD_463975_1 है। निविदा हेतु सामग्री का विवरण एवं स्पेशिफिकेशन निम्नानुसार है :-

**PRODUCTSPECIFICATIONS**

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन | इकाई | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आर्गनिक मैन्यूर (जैविक खाद) | E- अन्य निमय एवं शर्तों के बिन्दु क्रमांक 44 में उल्लेखित है। | प्रति घ.मी. | आवश्यकतानुसार |
| 2. | नीमखली | E- अन्य निमय एवं शर्तों के बिन्दु क्रमांक 38, 39 के अनुसार | प्रति घ.मी. | आवश्यकतानुसार |

निविदा में भाग लेने तथा निविदा खोलने की तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :-

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | Date 21/11/2025 Time 03:00 PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders .gov.in परदर्शित है। |
| Tender Sale Start Date & Time | Date 22/11/2025 Time 10:00 AM | |
| Pre Bid Meeting Date | Date .......... Time ................ AM | |
| Bid Submission Start Date & Time | Date 22/11/2025 Time 10:00 AM | |
| Bid Submission closing Date & Time | Date 15/12/2025 Time 11:00 AM | |
| Bid Opening Date & Time | Date 16/12/2025 Time 02:00 PM | |

निविदादाता निविदा की सूचना एवं सामग्रियों के विस्तृत विवरण हेतु एवं अन्य संबंधित जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in एवं विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर देख सकते है।

**वन मण्डलाधिकारी**
**वन मण्डल अनूपपुर**

जी.- 22344/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल